# पीएम मोदी के फेसबुक फॉलोअर्स ज्यादा हैं, फिर मैं ही हूं नंबर–1 : ट्रंप

**भारत दौरा**

## अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप 24 फरवरी को भारत आने वाले हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लास वेगास। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने फेसबुक फॉलोइंग का हवाला देते हुए कहा कि '1.5 अरब' भारतीय लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनसंख्या की वजह से फेसबुक पर बढ़त हासिल है। हालांकि, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत की आबादी 1.3 अरब है। ट्रंप अगले सप्ताह भारत की यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फेसबुक पर फोलोअर्स के मामले में मोदी 'दूसरे स्थान' पर हैं और वह खुद पहले स्थान पर हैं। इसकी जानकारी फेसबुक के कार्यकारी अध्यक्ष मार्क जुकरबर्ग ने उन्हें सीधे तौर पर दी है।



ट्रंप ने लास वेगास में 'होप फॉर प्रिजनर्स ग्रेजुएशन सेरमनी' संबोधन में कहा, श्मैं अगले सप्ताह भारत जा रहा हूं और हम लोग बात कर रहे हैं, आप जानते हैं, उनके पास 1.5 अरब लोग हैं। प्रधानमंत्री मोदी फेसबुक पर दूसरे स्थान पर हैं। आप सोचिए। क्या आपको पता है कि पहले नंबर पर कौन है? ट्रंप। क्या आप विश्वास करेंगे? नंबर वन। मुझे पता चला। बृहस्पतिवार को फेसबुक पेज पर आंकड़ा मिला है कि नरेंद्र मोदी को फेसबुक पर चार करोड़ 40 लाख लोग फॉलो करते हैं, वहीं ट्रंप को दो करोड़ 70 लाख लोग फॉलो करते हैं जबकि अमेरिका की कुल जनसंख्या 32 करोड़ 50 लाख है।

अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा कि उन्हें हाल ही में जुकरबर्ग ने फेसबुक पर नंबर वन (पहले स्थान) पर रहने की बधाई दी थी। राष्ट्रपति ने कहा कि फेसबुक प्रमुख मार्क जुकरबर्ग तीन सप्ताह पहले आए और उन्होंने बधाई दी। मैंने कहा, किसलिए?। उन्होंने कहा कि फेसबुक पर नंबर वन होने के लिए। मैंने कहा, यह तो अच्छा है। ट्विटर पर भी नंबर वन। उन्होंने कहा, मैंने नरेंद्र मोदी को बधाई दी। मैंने उनसे कहा कि आपके पास 1.5 अरब लोग हैं। मेरे पास 35 करोड़ है। आपको बढ़त है।

ऐसा पहली बार नहीं है जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने फेसबुक पर लोकप्रियता के संबंध में खुद को पहले स्थान और नरेंद्र मोदी के दूसरे स्थान पर होने का दावा किया है। पिछले सप्ताह वह इसी तरह का दावा ट्विटर पर भी जुकरबर्ग का हवाला देते हुए कर चुके हैं। वहीं पिछले महीने विश्व आर्थिक मंच की बैठक से इतर दावोस में सीएनबीसी टीवी को दिए एक साक्षात्कार में वह कह चुके हैं, श्मैं फेसबुक पर नंबर वन हूं, आप जानते हैं दूसरे नंबर पर कौन है? भारत के मोदी।

**मोदी से दोस्ती से अमेरिका को होगा फायदाः** ट्रंप और मोदी की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। अमेरिका के टेक्सस में हाउडी मोदी कार्यक्रम में ट्रंप दो घंटे से ज्यादा रुके थे। ऐसे में भारत दौरे के दौरान ट्रंप उस याद को भुनाना चाहेंगे। भारत में इस समय पूर्ण बहुमत वाली स्थायी सरकार है और ट्रंप इसका फायदा दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत बनाने के लिए भी कर सकते हैं।

## चीन से बच्चों को न निकालने पर नाराज पैरेंट्स मंत्रियों पर हमले को हुए उतारू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। चीन के कोरोना वायरस प्रभावित हुबेई प्रांत में फंसे पाकिस्तानी स्टूडेंट्स के पैरेंट्स ने इमरान सरकार को चेतावनी दी है कि अगर वे तीन दिन में उनके बच्चों को बाहर नहीं निकालते तो वे व्यापक प्रदर्शन करेंगे। दरअसल, केंद्रीय मंत्री हाई कोर्ट के आदेश पर पैरेंट्स को हालात की जानकारी दे रहे थे। इसी दौरान पैरेंट्स इतने नाराज हो गए कि वे मंत्रियों पर हमले को उतारू थे, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह मंत्रियों की जान बचाई।

स्थिति ऐसी हो गई कि पुलिसकर्मियों को प्रधानमंत्री के दोनों सलाहकारों को नाराज अभिभावकों के हमले से बचाना पड़ा। बाद में नाराज अभिभावकों ने मरगल्ला रोड पर यातायात जाम कर दिया।

इस दौरान एक अभिभावक ने प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकारों जफर मिर्जा और सैयद जुल्फिकार अब्बास बुखारी पर चिल्लाते हुए कहा, आप हमारी हालत नहीं समझ सकते क्योंकि यह हमारे बच्चों से जुड़ा मसला है, आपके नहीं। एक अन्य अभिभावक ने कहा, मैं पहले ही बता देता हूं कि आज से दो महीने बाद आप इसी सभागार में हमारे बच्चों की शहादत पर हमें मुआवजे के चेक देने के लिए समारोह आयोजित करोगे।



## यूरोप जा रही नौका भूमध्यसागर में लापता, सवार थे 91 लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। भूमध्य सागर में 91 लोगों से भरी एक नाव के लापता होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक, ये लोग यूरोप में बेहतर भविष्य और शरण की तलाश में जा रहे थे, जब उनकी नाव भूमध्यसागर में लापता हो गई। ये नौका आठ फरवरी को लीबिया के तट से रवाना हुई थी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस नाव पर सवार एक व्यक्ति के रिश्तेदार उस्मान हारून ने बताया कि उन्हें 27 वर्षीय अपने रिश्तेदार मोहम्मद इदरिस और 10 दोस्तों की कोई खबर नहीं मिली है।

## सऊदी ने यमन विद्रोहियों की ओर से दागी गई मिसाइल को बीच में ही किया तबाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रियाद। यमन विद्रोहियों की ओर से एक बार फिर सऊदी अरब के शहरों को निशाना बनाकर मिसाइल दागी गई। गुरुवार को सऊदी प्रेस एजेंसी ने रियाद नीत सैन्य गठबंधन की ओर से जारी बयान में इस बात की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि ईरान से जुड़े हुती विद्रोही समूह ने मिसाइलें दागी। जिन्हें सऊदी ने बीच में ही रोककर नष्ट कर दिया।

इस कार्रवाई को लेकर गठबंधन के प्रवक्ता तुर्की अल–मलिकी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, षमिसाइलों के जरिये चरणबद्ध तरीके से शहरों



और नागरिकों को निशाना बनाया गया, जो कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन है।

**गठबंधन के प्रवक्ता तुर्की अल–मलिकी ने उठाए सवालः** तुर्की अल–मलिकी ने कहा कि राजधानी सना हुती मिलिशिया का गढ़ बन गयी है और यहां से

- ■सऊदी अरब ने बीच में ही मिसाइलों को रोककर नष्ट कर दिया
- ■गठबंधन के प्रवक्ता तुर्की अल–मलिकी ने सवाल उठाए

अक्सर सऊदी अरब को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी जाती हैं। सऊदी अरब ईरान पर हुती विद्रोहियों को आधुनिक हथियारों की आपूर्ति करने का आरोप लगाता रहा है। तेहरान ने इन आरोपों का खंडन किया है। इससे पहले खबर आई थी कि सउदी अरब के नेतृत्व वाली सेना ने यमन पर हवाई हमला किया था। जानकारी के मुताबिक इस हमले में 30 से ज्यादा नागरिकों की मौत हो गई थी।

## रविदास मंदिर मामला: सुको में याचिका, आप सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली का संत रविदास मंदिर मामला एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। याचिकाकर्ता अशोक तंवर ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि इस संबंध में डीडीए और दिल्ली सरकार के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कांग्रेस के पूर्व सांसद तंवर ने अपनी याचिका में कहा कि अक्टूबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि मंदिर का पुनर्निर्माण कराया जाए और उसी जगह उसका निर्माण हो, जहां वह पहले था। केंद्र सरकार ने कहा था कि मंदिर निर्माण के लिए वह ट्रस्ट बनाने के लिए तैयार है, लेकिन अभी तक इस पर काम नहीं हुआ है। इस याचिका में डीडीए और दिल्ली सरकार के चीफ सेक्रटरी को प्रतिवादी बनाया गया है।

तुगलकाबाद में संत रविदास मंदिर निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 400 वर्ग मीटर जमीन देने का प्रस्ताव दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया था और जिस जगह मंदिर था, उसी जगह मंदिर निर्माण की इजाजत दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह 6 हफ्ते में मंदिर निर्माण आदि को देखने के लिए कमिटी का गठन करे।

## न्यूज डायरी



### ट्रंप के भारत दौरे से पहले पाकिस्तान ने अलापा कश्मीर राग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रप की पहली भारत यात्रा से पहले पाकिस्तान ने एकबार फिर कश्मीर राग अलावा। इसने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रंप कश्मीर पर मध्यस्थता की अपनी पेशकश पर अगले हफ्ते अपनी भारत यात्रा के दौरान कुछ ठोस व्यावहारिक कदम उठाएंगे। ट्रंप 24 और 25 फरवरी को भारत की यात्रा करने वाले हैं। विदेश कार्यालय (एफओ) की प्रवक्ता आइशा फारूकी ने यहां साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में उम्मीद जताई कि मध्यस्थता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा की गई पेशकश कुछ ठोस व्यावहारिक कदमों के जरिए आगे बढ़ाई जाएगी। फारूकी ने ट्रंप की भारत यात्रा और कश्मीर के हालात के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि चार अमेरिकी सीनेटरों ने विदेश मंत्री माइक पॉम्पिओ को पत्र लिख कर उनका ध्यान कश्मीर की स्थिति की ओर आकर्षित किया।

### भारत के स्पेशल विमान के वुहान लाने में हम नहीं कर रहे देरीः चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन ने दावा किया है कि मेडिकल सप्लाई से भरे भारत के स्पेशल विमान को कोरोना वायरस के केंद्र वुहान शहर भेजने में उसकी तरफ से कोई देरी नहीं की जा रही है। बता दें कि लौटते वक्त इस विमान से भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाया जाएगा जो वहां फंसे हुए हैं। चीन ने कहा कि दोनों देशों के संबंधित विभाग शेड्युल तय करने पर बातचीत कर रहे हैं। ऐसी खबर है कि स्पेशल फ्लाइट को चीन का क्लियरेंस न मिलने के कारण तारीख तय नहीं हो पाई है। यह विमान 20 फरवरी को चीन के लिए रवाना होने वाला था। उल्लेखनीय है कि भारत ने 17 फरवरी को घोषणा की थी कि वह एयरफोर्स के सी–17 ग्लोबमास्टर विमान को मेडिकल आपूर्ति के साथ वुहान भेजेगा और साथ ही वहां फंसे भारतीयों को लौटते वक्त लाया जाएगा। अब तक 647 भारतीयों और मालदीव के नागरिकों को एयर इंडिया की दो स्पेशल फ्लाइट से नई दिल्ली लाया गया है।

### हिंसा में कमी की शुरुआत शनिवार से होगी : अफगान अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अमेरिका और विद्रोहियों के बीच होने वाली संभावित डील से पहले तालिबान, अमेरिका और अफगान सेना के बीच हफ्ते भर लंबी हिंसा में कमी की जल्द ही शुरुआत की जाएगी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता जावेद फैसल ने कहा कि 22 फरवरी से हिंसा में कमी आएगी और यह हफ्ते भर जारी रहेगी।

### शरण की तलाश में जा रहे 91 लोगों की नौका भूमध्यसागर में लापता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। यूरोप में बेहतर भविष्य और शरण की तलाश में एक रबड़ की नाव में सवार होकर निकले 91 लोग भूमध्यसागर में लापता हो गए हैं। वह नौका आठ फरवरी को लीबिया की तट से रवाना हुई थी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस नाव पर सवार एक व्यक्ति के एक रिश्तेदार उस्मान हारून ने बताया कि उन्हें 27 वर्षीय अपने रिश्तेदार मोहम्मद इदरिस और 10 दोस्तों की कोई खबर नहीं है। हारून ने एसोसिएटेड प्रेस को फोन पर बताया, '' मैंने पहली यह सुना है।'' नौका के लापता होने की खबर ऐसे वक्त आई है जब यूरोपीय संघ भूमध्य सागर में बचाव अभियान की कमी की आलोचनाओं का सामना कर रहा है। समुद्र में बचाव के लिए जो हॉटलाइन नंबर है, उस पर बृहस्पतिवार को इस संबंध में कॉल आया था। यात्रियों ने जीपीएस भी शेयर किया था और उस समय तक वह उत्तरी लीबिया के अंतरराष्ट्रीय जल में थे। लेकिन लीबियाई तट रक्षकों ने इस आग्रह पर प्रतिक्रिया देने में पांच घंटे लगा दिए। हॉटलाइन पर लोगों ने कहा था कि इंजन खराब हो गया और नाव समुद्र में डूब रही है। इस नाव पर सूडान, नाइजर, ईरान और माली के लोग सवार थे।